# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601
Email ID- ceupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 4364 / कार्य-09 / 129 दिनांक 14.07.26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "फर्रूखाबाद में 193 पेयजल परियोजनायें पूरीः 381 में से 159 पानी की टंकियों का निर्माण अभी अधूरा" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"फर्रूखाबाद में 193 पेयजल परियोजनायें पूरीः 381 में से 159 पानी की टंकियों का निर्माण अभी अधूरा"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जिलाधिकारी महोदया, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें उनके द्वारा जनपद फर्रूखाबाद में संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया कि जनपद में दो कार्यदायी संस्थायें क्रमशः मै0 जी0वी0पी0आर0 एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्य कराये जा रहे है। मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा वर्तमान तक 71 नग उच्च जलाशय का निर्माण, 234 नग ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति, 64 नग हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य कराया जा चुका है। मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा वर्तमान तक 151 नग उच्च जलाशय का निर्माण, 122 नग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति, 176 नग हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदया, फर्रूखाबाद द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 को कार्यो को शीघ्र–अतिशीघ्र ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही योजनाओं पर श्रमिको की कम संख्या पर रोष व्यक्त किया गया एवं अधिक श्रमशक्ति लगाते हुये 58 नग पेयजल योजनाओं जिनका कार्य 75% - 100% के बीच है उनको माह सितम्बर, 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये । उक्त के अतिरिक्त पूर्ण 71 नग पेयजल योजनाओं को अतिशीघ्र अनुरक्षण एवं संचालन (O&M) में ले जाने हेतु भी निर्देश दिये गये थे।

उक्त के संबंध में जनपद हेतु नामित कार्यदायी फर्मो को पेयजल योजनाओं से संबंधित समस्त कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया कर दिया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

(सजन कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि'–**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 543

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 4364 / कार्य-09 / 129 दिनांक 14.07.26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "फर्रूखाबाद में 193 पेयजल परियोजनायें पूरीः 381 में से 159 पानी की टंकियों का निर्माण अभी अधूरा" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"फर्रूखाबाद में 193 पेयजल परियोजनायें पूरीः 381 में से 159 पानी की टंकियों का निर्माण अभी अधूरा"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जिलाधिकारी महोदया, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें उनके द्वारा जनपद फर्रूखाबाद में संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया कि जनपद में दो कार्यदायी संस्थायें क्रमशः मै0 जी0वी0पी0आर0 एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्य कराये जा रहे है। मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा वर्तमान तक 71 नग उच्च जलाशय का निर्माण, 234 नग ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति, 64 नग हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य कराया जा चुका है। मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा वर्तमान तक 151 नग उच्च जलाशय का निर्माण, 122 नग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति, 176 नग हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदया, फर्रूखाबाद द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 को कार्यो को शीघ्र–अतिशीघ्र ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही योजनाओं पर श्रमिको की कम संख्या पर रोष व्यक्त किया गया एवं अधिक श्रमशक्ति लगाते हुये 58 नग पेयजल योजनाओं जिनका कार्य 75% - 100% के बीच है उनको माह सितम्बर, 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये । उक्त के अतिरिक्त पूर्ण 71 नग पेयजल योजनाओं को अतिशीघ्र अनुरक्षण एवं संचालन (O&M) में ले जाने हेतु भी निर्देश दिये गये थे।

उक्त के संबंध में जनपद हेतु नामित कार्यदायी फर्मो को पेयजल योजनाओं से संबंधित समस्त कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया कर दिया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि'–**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 543

Scanned with OKEN Scanner

# फर्रुखाबाद में 193 पेयजल परियोजनाएं पूरी: 381 में से 159 पानी की टंकियों का निर्माण अभी अधूरा

**फर्रुखाबाद** 3 दिन पहले




फर्रुखाबाद में जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति" की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को 11 बजे हुई। बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि 193 पेयजल परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 381 पानी की टंकियों में से 222 का निर्माण हुआ है और 159 टंकियां अभी अधूरी हैं। जिलाधिकारी ने योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है और इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. लाठर ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माणाधीन योजनाओं के सभी कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं पर श्रमिकों की कम संख्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यकतानुसार श्रमिकों की संख्या बढ़ाने को कहा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन 58 पेयजल योजनाओं का कार्य 75 से 100 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, उन्हें सितंबर माह तक हर हाल में पूरा कर संचालित किया जाए। बैठक में यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि पूर्ण हो चुकी 71 पेयजल योजनाओं का शीघ्र अनुरक्षण और नियमित संचालन किया जाए। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को निर्बाध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। बैठक के दौरान कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। मैसर्स जीवीपीआर इंजीनियर्स लिमिटेड ने अब तक 71 उच्च जलाशयों का निर्माण, 234 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति और 64 योजनाओं का 'हर घर जल' प्रमाणीकरण पूरा किया है। इसी प्रकार, मैसर्स बीटीएल गंगा द्वारा 151 उच्च जलाशयों का निर्माण, 122 योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति और 176 योजनाओं का 'हर घर जल' प्रमाणीकरण पूर्ण कराया जा चुका है।

Scanned with OKEN Scanner